# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मिर्जापुर।

पत्र संख्या– / दिनांक, मिर्जापुर, मार्च 09 2018.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
ओबरा वन प्रभाग,
ओबरा–सोनभद्र।

विषयः मे0 जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड द्वारा ग्राम कोटा में जे0पी0 सुपर प्लान्ट व आवासीय क्षेत्र की 115.874 हे0 वन भूमि के सापेक्ष क्षतिपूरक वनीकरण के लिए ग्राम मारकुण्डी (गुर्मा वन ब्लाक) में 115.874 हे0 भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः आपका पत्रांक 1319/15(भू0ह0) दिनांक 25–10–2017.

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है कि मे0 जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड द्वारा ग्राम कोटा में जे0पी0 सुपर प्लान्ट व आवासीय क्षेत्र की 115.874 हे0 वन भूमि के सापेक्ष क्षतिपूरक वनीकरण के लिए ग्राम मारकुण्डी (गुर्मा वन ब्लाक) परगना अगोरी, तहसील राबर्टसगंज, जनपद सोनभद्र में 115.874 हे0 प्रस्तावित भूमि के उपयुक्तता प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में प्रस्तावक विभाग द्वारा समय–समय पर उपलब्ध कराये गये अभिलेख का परीक्षण व स्थलीय निरीक्षण उपरान्त एवं भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्र संख्या–एफ.नं0 11–423/2011–एफ0सी0 दिनांक 08–11–2017 की गाइड लाइन के अनुकम में स्थिति निम्न प्रकार है :–

1– ग्राम मारकुण्डी स्थित 115.874 हे0 गैर वन भूमि में से 1.147हे0 पथरीली भूमि, 02.000 हे0 में बिल्डिंग क्षेत्र 25.727 हे0 जलमग्न क्षेत्र (जलाशय) एवं 87.000 हे0 भूमि वनीकरण हेतु उपयुक्त है।

2– प्रस्तावक द्वारा मारकुण्डी स्थित 115.874हे0 प्रस्तावित भूमि सम्बन्धी पालीगान के0एम0एल0 का मानचित्र जी0पी0एस0 रीडिंग सी0डी0 सहित प्रस्तुत की गयी है, जिसे एतद्सह संलग्न किया जा रहा है।

3– प्रस्तावक द्वारा जिलाधिकारी, सोनभद्र से सम्बन्धित भूमि के समस्त प्रकार से अधिभारिता मुक्त होने का प्रमाण पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है। कृपया इसे प्राप्त करते हुये अग्रिम कार्यवाही करने की संस्तुति की जाती है।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय

(ओ0पी0 सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
कैमूर वन्य जीव प्रभाग,मिर्जापुर।

संख्या– 2562 / 33-1 समदिनांक।

प्रतिलिपि मे0 जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड, सेक्टर 128 नोएडा, उत्तर प्रदेश, कैम्प कार्यालय चुर्क–सोनभद्र को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(ओ0पी0 सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
कैमूर वन्य जीव प्रभाग,मिर्जापुर।

413 raj